महत्वपूर्ण एवं खास

मिस इंडिया ट्रांसजेंडर वीणा सेन्द्रे को सीएम ने दी शुभकामनाएं

रायपुर (आरएनएस)। मिस इंडिया ट्रांसजेंडर वीणा सेंद्रे अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने बैंकॉक जा रही हैं। उन्होंने न केवल मंदिर हसौद बल्कि राज्य का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उन्हे ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज ट्वीट कर मिस इंडिया ट्रांसजेंडर वीणा सेन्द्रे को अपनी शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि वीणा सेन्द्रे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष आज कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। ज्ञात हो कि ट्रांसजेंडर वीणा सेंद्रे पिछले साल अक्टूबर में देश की पहली मिस ट्रांस क्वीन बनी थी।

प्रेमी युगल ने लगा ली फांसी

कोंडागांव (आरएनएस)। माकड़ी के बागबेड़ा में दो अलग-अलग समुदाय के प्रेमी युगल ने दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। माकड़ी थाने के एएसआई पीतांबर कठार ने बताया कि बागबेड़ा के रहने वाले सोमलाल मरकाम का उसी गांव की लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कल रात खाना खाने के बाद लड़की अपने कमरे में चली गई। इसके बाद रात 9 बजे घरवालों को बिना बताए बाहर निकल गई। रिश्तेदारों ने उसे रात में और सुबह तलाशा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों ने बताया कि तिलई तालाब के पास उसकी बेटी और सोमलाल मरकाम की लाश फंदे पर लटकी है। सूचना पर पुलिस और पंचायत के जनप्रतिनिधि रामलाल नेताम, परशुराम, भगतुराम दी। एएसआई कठार ने बताया कि लड़की की उम्र 16 और युवक 21 साल का था, केस को लेकर दोनों परिवार से पूछताछ की जाएगी।

वन विभाग की कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर अवैध अर्जुन लकड़ी जब्त

जांजगीर चाम्पा (आरएनएस)। जिले के भवतरागांव से जांजगीर की ओर आ रही पांच ट्रैक्टर अर्जुन लकड़ी को वन विभाग की टीम ने शनिवार की सुबह जब्त किया है। लकड़ी को जांजगीर डीपो में रखा गया है। वन विभाग की टीम द्वारा लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कहुआ यानी अर्जुन पेड़ की कटाई में वन विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी अर्जुन पेड़ की कटाई व अवैध परिवहन धड़ल्ले से जारी है। वन विभाग की टीम आए दिन इसकी तस्करी की सूचना मिली रही थी। जिस पर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की रात से शनिवार की सुबह तक टीम बनाकर वन अमले को कार्रवाई के लिए अलर्ट किया था। शनिवार की सुबह वन विभाग की टीम जांजगीर के इर्द गिर्द ऐसे वाहनों को पकडने् की फिराक में सड़क के आसपास घात लगाए बैठी थी। तभी वन विभाग की टीम को एक एक कर पांच ट्रैक्टर अर्जुन पेड़ से लदी गाडियां मिली। जिसे वन विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है।

बेमेतरा वासियों का सपना हुआ साकार मुख्यमंत्री ने किया 100 बिस्तर अस्पताल का लोकार्पण

रायपुर (आरएनएस)। बेमेतरा जिले एवं शहर वासियों के लिए यह एक सुखद संयोग का विषय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज शनिवार को 100 बिस्तर मातृ-शिशु केयर अस्पताल (एम.सी.एच.) का लोकार्पण किया गया। भवन निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा लगभग 15 करोड़ की धनराशि मंजुर की गई थी। यहाँ के नागरिकों को अब चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा यह नया अस्पताल भवन जिला चिकित्सालय भवन परिसर में ही बना है। मनुष्य को भोजन वस्त्र के अलावा अपने स्वास्थ्य की भी चिन्ता लगी रहती है। बिमारियों की उपचार में ही राशि खर्च करनी पड़ती है। कलेक्टर महादेव कावरे ने जब से बेमेतरा जिले में कार्यभार ग्रहण किया है, तब से ही इस भवन को शीघ्र पूरा करने के निर्देश सम्बधित निर्माण एजेंसी को देते रहे है। कलेक्टर ने अलग-अलग बार इस नये भवन का मुआयना एवं निरीक्षण कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के भी निर्देश दिये थे। अस्पताल के लाकार्पण से बेमेतरा जिले वासियों की बहुप्रतिक्षीत मांग वर्षो बाद आज पुरी हुई।

ग्रामीण की बाड़ी में बम ब्लास्ट, एक बालक की मौत, 3 घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग मुख्यालय से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर चित्रकोट मार्ग में स्थित देउरगांव के शिव मंदिर के निकट हुए विस्फोट में एक 12 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए 112 डायल की मदद से मेडिकल कालेज लाया गया। बम फटने की खबर से पूरे गांव में दहशत का माहौल छाया हुआ है।

विस्फोट के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

बस्तर एएसपी संजय महादेवा ने बताया कि देऊरगांव निवासी त्रिलोचन के परिजन, घर एवं बाड़ी की सफाई कर एकत्र कचरे को बाड़ी में ही जला रहे थे। जलाने के दौरान अचानक की कचरे में ब्लास्ट हुआ, जिसमें परिवार के चार लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मेडिकल कालेज में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान 12 वर्षीय बालक ज्योति कुमार की मौत हो गयी। शेष की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। श्री महादेवा ने बताया कि हो सकता है कि आपसी रंजिशवश किसी ने उनकी बाड़ी में बम डाल रखा होगा, जिसमें आग लगते ही विस्फोट हो गया। यह भी हो सकता है गांव के किसी व्यक्ति ने वहां बम छिपा रखा हो और आगजनी के समय वह फट गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल पुलिस ब्लास्ट के कारणों की गहन छानबीन कर रही है।

22 तहसीलदारों का तबादला

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने राजस्व विभाग में बड़ी सर्जरी करते हुए 22 तहसीलदारों का तबादला आदेश जारी किया है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उप सचिव एनआर साहू के हस्ताक्षरित जारी आदेशनुसार रोहित कुमार सिंह बालोद से कोरबा, अमित कुमार सिंहा बेमेतरा से मुंगेली, नरेंद्र कुमार बंजारा बिलासपुर से कांकेर , तुलसीदास मरकाम मुंगेली से बिलासपुर, सोनिया भेड़िया सरगुजा से कोरिया, सुधीर कुमार खलखो सरगुजा से कोरिया, भरत कौशिक कोरिया से बलरामपुर, शबाब खान सूरजपुर से बलरामपुर, संजय विश्वकर्मा बलौदाबाजार से धमतरी, तपेश्वर प्रसाद साहू कांकेर से बीजापुर रेणुका कांकेर से बेमेतरा, मनोज कुमार मरकाम धमतरी से कांकेर राम सिंह सोरी बीजापुर से कांकेर, भागीरथी खांडे महासमुंद से पिथौरा वन सिंह नेताम पिथौरा से महासमुंद, मायानंद चंद्रा बलरामपुर से मुंगेली अमित कुमार श्रीवास्तव बलरामपुर से बलौदाबाजार, नेहा भेड़िया राजनांदगांव से प्रतिनियुक्ति पर रायपुर विकास प्राधिकरण, रानू मैथ्यूज गरियाबंद से बेमेतरा , अश्वनी कुमार कांकेर से बलरामपुर, पार्वती पटेल गरियाबंद से दुर्ग एवं पीआर देवांगन को कोरिया से कांकेर भेजा गया है।

कमांडर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, युवक की मौत

महासमुंद (आरएनएस)। बलौदा चौकी अंतर्गत ग्राम पदमपुर रोड सिरपुर नाका के पास बीती रात कमांडर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कमांडर में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही 112 मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया।

बलौदा चौकी प्रभारी चंद्रकांत साहू ने बताया कि बीती रात दो बजे सिरपुर चौकी के पास कमांडर क्रमांक सीजी 13 जेडडी 0334 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें सवार बलौदा के रजत यादव पिता कौशिक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं सवार बलौदा के दुखनाथन यादव पिता कैलाश, सदानंद राणा पिता शत्रुघन, वासदेव बरिहा, यशवंत गाड़ाएवं अश्वमेध पिता चतुर्भुज घायल हो गए। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अभी घायल खतरे से बाहर है। मृतक व घायल कमांडर में सवार होकर शनिवार को ओडिशा बरात गए हुए थे।

लग्जरी कार की डिक्की से 50 किलो गांजा बरामद

गांजा तस्करी के आरोप में यूपी के दो व बिहार का एक युवक गिरफ्तार

सरायपाली (आरएनएस)। सिंघोड़ा पुलिस ने शुक्रवार को एनएच-53 ग्राम चिवराकुटा के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 50 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी स्कोडा कार की डिक्की में गांजा रख तस्करी कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में दो उत्तर प्रदेश के व तीसरा बिहार का है।

सिंघोड़ा थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे नेशनल हाईवे के पास वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे थे। तभी संबलपुर तरफ से एक सिल्वर कलर की स्कोडा कार आ रही थी। जिसे रोकने पर कार में बैठे चालक व अन्य व्यक्ति घबरा गए। इससे पुलिस को संदेह हुआ। चेकिंग के दौरान कार की डिक्की से 25 पैकेट गांजा वजनी 50 किलो जब्त किया गया। टीम ने कार में सवार ग्राम मरथरा खाना देहात कोतवाली जिला एटा उत्तर प्रदेश के खलील पिता मुन्ने खान

(33), ग्राम बड़ागांव थाना सहावर जिला कासगंज उत्तर प्रदेश के हारुण खान पिता अब्दुल खान (31) एवं ग्राम बगल थाना जादवपुर जिला गोपालगंज बिहार के राजेश शर्मा पिता कुंदन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गांजा दिल्ली बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने तीनों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि गुरुवार को भी सिंघोड़ा पुलिस ने एक बोलेरो से एक क्विंटल 40 किलोग्राम गांजा जब्त किया था।

आए दिन तस्कर हो रहे गिरफ्तार- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एनएच-53 सहित अन्य मार्गों में पुलिस की टीम सघन चेकिंग अभियान चला रही है।

अंत्योदय-हमसफर के साथ ही कई एक्सप्रेस ट्रेनें आज भी रद्द

रायपुर(आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यों के फलस्वरूप आज भी कई यात्री ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। इनमें लंबी दूरी की साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द रखा गया है। फरवरी माह के अलावा मार्च महीने में भी कई ट्रेनें विभिन्न तिथियों में रद्द कर दी गई है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में आधुनिकीकरण ाका काम चल रहा है। इसके फलवरूप आज 24 फरवरी को दुर्ग से छूटने वाली गाड़ संख्या 18211 दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है। वहीं कल 25 फरवरी को जगदलपुर से छूटने वाली गाड़ी संख्या 18212 रद्द रहेगी। टाटानगर से आज छूटने वाली गाड़ी संख्या 22886 टाटानगर-एलटीटी अंत्योदय एक्सप्रेस को रद्द रखा गया है। वहीं 26 फरवरी को यह गाड़ी एलटीटी से टाटानगर के मध्य रद्द रहेगी। 01 मार्च को हावड़ा से छूटने वाली गाड़ी संख्या 18870 हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। कल नांदेड़ से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, वहीं 02 मार्च को यह गाड़ी सांतरागाछी से नांदेड़ के लिए रवाना होने वाली यह एक्सप्रेस रद्द रखी जाएगी।

क्रेशर में दबकर मजदूर की मौत,ग्रामीणों ने किया हंगामा

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में स्थित आरती स्पंज में शुक्रवार रात हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर गौड़ी निवासी कुलेश्वर निषाद की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुलेश्वर केसर में दब गया था। हादसे को लेकर गांव के सरपंच सहित मृतक के परिजनों ने आज कंपनी में घुसकर जमकर हंगामा किया। कंपनी में तोडफ़ोड़ भी की गई। मृतक के परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

डिवाईडर पर लगे विज्ञापन बोर्ड बन रहे दुर्घटना का सबब

चौक-चौराहे में बिना अनुमति के होर्डिंग लगाने पर निगम नहीं कर रहा कार्यवाही

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी विस्तार के साथ ही शहर की सड़कों का जहां चौड़ीकरण हुआ है। वहीं यातायात सुगम बनाने की दृष्टि से सड़कों पर डिवाईडर का निर्माण किया गया है। विभिन्न उत्पादों को विज्ञापित करने के लिए डिवाईडर पर लगे होर्डिंग बोर्ड/ फ्लैक्स पोस्टर्स आए दिन चौक-चौराहों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। जानकारों के मुताबिक चौक-चौराहों के मोड़ पर दोपहिया चौपहिया वाहन चालक बोर्ड के चलते विपरीत दिशा में आने वाले वाहनों को नहीं देख पाता। दुष्परिणामस्वरुप आपस में वाहन टकराते है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गौरतलब है कि शहर के चौक चौराहों एवं डिवाईडरों में विज्ञापन होर्डिंग/फ्लैक्स लगाने के लिए नगर निगम से अनुमति जरुरी है। ज्यादातर शहर के हिस्सों में लगने वाले पोस्टर्स बोर्ड नियम विरुध्द लगाये गये है। निगम के जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही नहीं करने से विज्ञापन एजेंसियों द्वारा मनमर्जी विज्ञापन बोर्ड लगाये जा रहे है। शहर के वरिष्ठ नागरिक एस के नशीने, श्वेता सेंगर, अर्पणा वाजपेयी, डॉ. स्मृति दुबे एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. चंद्रमणी तिवारी ने नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया से नियम विरुध्द डिवाईडर में विज्ञापित उत्पादों के विज्ञापन बोर्ड लगाने पर विधिक कार्यवाही करने के लिए नगर निगम आयुक्त एवं महापौर को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

थोक में पुलिस अफसरों के तबादले

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने आज राज्य पुलिस सेवा के कई अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी तबादला सूची में आईपीएस अफसर भी शामिल है।

गृह विभाग से जारी आदेशानुसार एसीबी में बतौर एसपी के पद पर लंबे समय से पदस्थ मनोज खिलाड़ी को एसीबी से हटाकर वीआईपी सुरक्षा के कमांडेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार एआईजी संजय शर्मा को बीरगांव पीटीएस का कमांडेंट बनाया गया है, जबकि नंदलाल करोड़िया को डीएसपी वीआईपी सुरक्षा से एडिशनल एसपी पीटीएस माना भेजा गया है। इसी प्रकार जितेंद्र कुमार खुंटे को एसडीओपी गंडई राजनांदगांव से एसडीओपी सारंगढ़, सारिका वैद्य को डीएसपी बेमेतरा से डीएसपी बालोद, दिनेश कुमार सिन्हा को डीएसपी बालोद से डीएसपी बेमेतरा और राजेश कुमार देवांगन को डीएसपी अजाक क्राइम दंतेवाड़ा से एसडीओपी गंडई राजनांदगांव, प्रतिभा तिवारी को एडिशनल एसपी आईजी दफ्तर बिलासपुर से एडिशनल एसपी पेंड्रा, भारतेंदु द्विवेदी एडिशनल एसपी पेंड्रा से एडिश्नल एसपी आईजी दफ्तर बिलासपुर, ईशहाक खलको को डीएसपी सकरी बटालियन बिलासपुर से एसडीओपी पेंड्रा और अशोक बाडेगांवकर को एसडीओपी पेंड्रा से सहायक सेनानी सकरी बटालियन भेजा गया है।

इसके अलावा राज्य सरकार से प्रमोट होकर आईपीएस बने बिलासपुर के एडिशनल एसपी विजय कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ 7वीं शसस्त्र बल वाहिनी भिलाई भेजा गया है। उद्यंती उदय किरण को डीएसपी एसटीएफबघेरा से सुकमा का एडिशनल एसपी बनाया गया है। ज्ञात हो कि 2015 बैच के आईपीएस उदय किरण को विवाद की वजह से पिछली सरकार में महासमुंद से एसटीएफ बघेरा भेजा गया था।

आलिया के साथ सड़क 2 में काम करने को लेकर खुश हैं आदित्य

आदित्य रॉय कपूर और आलिया भट्ट बॉलिवुड के यंग टैलेंट हैं, जिनसे ऑडियंस को हमेशा ही खास उम्मीद होती है। आलिया के लिए साल 2018 बेहद खास रहा है। फिल्मों के जरिए उन्होंने अपनी ऐक्टिंग का लोहा मनवाया, जिसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की संख्या बढ़ गई। उन्होंने करण जौहर की फिल्म कलंक भी साइन की है, जिसमें वह आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

कलंक के साथ ही यह जोड़ी फिल्म सड़क 2 में भी नजर आएगी। आलिया के साथ दो फिल्मों में स्क्रीन शेयर करने का मौका पाने पर आदित्य रॉय कपूर काफी एक्साइटिड हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि दोनों फिल्में बेहद अलग हैं। आलिया के साथ काम करने पर वे बोले कि, जब आप सेम को-स्टार के साथ फिर से काम करते हैं तो स्क्रीन पर नई इच्शन पेश करना अच्छा अनुभव होता है।

बता दें कि, डायरेक्टर महेश भट्ट फिल्म सड़क 2 के जरिए बतौर डायरेक्टर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार उनकी बेटियां आलिया भट्ट और पूजा भट्ट साथ में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह मूवी मार्च 2020 में रिलीज की जाएगी। बता दें कि, साल 1991 में आई फिल्म सड़क में पूजा भट्ट और संजय दत्त ने लीड किरदार निभाए थे।

वहीं करण जौहर की फिल्म कलंक में आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर के साथ ही संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, वरुण धवन और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल्स में दिखेंगे। यह फिल्म इस साल 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है।

अस्थमा और दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है उज्जायी प्राणायाम

बढ़ते प्रदूषण और बदलते लाइफस्टाइल की वजह से आजकल अस्थमा और हृदय संबंधी रोग भी काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में सही खान-पान और सही लाइफस्टाइल फॉलो करना बेहद ज़रूरी है। लेकिन इसके साथ ही ज़रूरी है नियमित तौर पर योग और व्यायाम भी किया जाए।

हार्ट और अस्थमा पीड़ितों के लिए योग बेहद फायदेमंद है, खासकर उज्जायी प्राणायाम। इसके अभ्यास से छाती से लेकर दिमाग तक कंपन होता है, जिससे बॉडी के सभी पार्ट्स हेल्दी होने लगते हैं। हार्ट की ब्लॉकेज, अस्थमा, सांस फूलना और फेफड़ों की कमजोरी को दूर करने में उज्जायी प्राणायाम काफी मददगार है। थायरॉइड में भी यह काफी मददगार है। अगर गले में कफ जम जाए या सोते वक्त खर्राटे आते हैं, तो रोजाना उज्जायी प्राणायाम करें।

ऐसे करें उज्जायी प्राणायाम - कमर को सीधा कर आराम से बैठ जाएं। ध्यान को सांसों पर ले आएं और पूरा सांस बाहर निकाल दें। अब गले की मांशपेशियों को टाइट कर धीरे-धीरे नाक से सांस भरना शुरू करें।

सांस भरते समय गले से सांस के घर्षण की आवाज करें। सांस भरते जाएं, आवाज होती जाए। इस प्रकार आवाज के साथ पूरा सांस भर लें। फिर कुछ देर सांस रोकें। इसके बाद सीधे हाथ की प्राणायाम मुद्रा बनाकर दायीं नासारंध्र को बंद कर बाईं नासारंध्र से धीरे-धीरे सांस बाहर निकाल दें।

टोटल धमाल ने बॉक्स ऑफिस पर किया कमाल, बढ़िया रही ओपनिंग

इंद्र कुमार की मल्टी स्टारर कॉमिडी फिल्म टोटल धमाल अनाउंसमेंट के बाद से ही खबरों में है। यह धमाल फ्रैंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट है। इस फिल्म में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित 17 साल बाद पर्दे पर एक साथ दिखाई दिए हैं।

फिल्म के ट्रेलर को काफी तारीफ मिली और फिल्म की टीम ने प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लगता है उनके ये प्रयास रंग ला रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फ्राइडे को रिलीज हुई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 16-16.25 करोड़ रुपये कलेक्ट कर चुकी है। गली बॉय के बाद यह साल की सबसे बड़ी ओपनिंग है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने सबसे ज्यादा कमाई राजस्थान, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश में की है। साथ ही यह अजय देवगन के बेस्ट ओपनर फिल्म है जिसने बोल बच्चन को पीछे छोड़ दिया है। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में कलेक्शन लिमिटेड रहा है। फिल्म में अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित नेने, रीतेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी बमन ईरानी, ईशा गुप्ता, संजय मिश्रा, महेश मांजरेकर और जॉनी लीवर हैं।